1161

#2019/00442
1/10/19

FORM NO-III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत– **अपीलीय अधि0 एवं जिला कलक्टर** मुकाम **अजमेर**

पुरूषोत्तम अग्रवाल **बनाम** लोक सूचना अधि0 एवं उपखण्ड अधिकारी, अजमेर

किस्म मुकदमा–सूचना का अधिकार अधि.–2005 **प्रकरण संख्या 110 सन् 2019**

तारीख हुकम	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10/12/19	जिला कलक्टर, अजमेर पत्रावली पेश हुई। लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी अजमेर से प्राप्त टिप्पणी का अपील मीमो के अवलोकन किया गया। वांछित सूचना, डीएफसीसीआईएल अजमेर से सम्बन्धित होने कारण लोक सूचना अधिकारी द्वारा पत्र दिनांक 15.10.2019 से धारा 6(3) के तहत उन्हें सूचना उपलब्ध कराने हेतु हस्तान्तरित किया गया था। डीएफसीसीआईएल अजमेर से प्रेषित प्रत्युत्तर लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, अजमेर द्वारा अपनी टिप्पणी के साथ प्रेषित किया गया है। डीएफसीसीआईएल अजमेर द्वारा अपीलान्ट/प्रार्थी के सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत आवेदन बाबत बिन्दूवार सूचना/प्रत्युत्तर पत्र दिनांक 13.11.2019 से आवेदक को प्रेषित किया गया है। उपखण्ड अधिकारी अजमेर द्वारा पूर्व में प्रेषित टिप्पणी दिनांक 22.11.2019 की प्रति अपीलान्ट को भी प्रेषित की गई है, जिसमें ग्राम दौराई का अवार्ड मय रेकार्ड न्यायालय संभागीय, आयुक्त अजमेर को पत्र दिनांक 27.9.2019 से प्रेषित किये जाने का उल्लेख है। तदनुसार अवार्ड सम्बन्धी सूचना प्राप्ति हेतु अपीलान्ट स्वंतत्र है। अपील, अपीलान्ट इसी कदर से निस्तारित की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हों। न्यायालय जिला कलक्टर अजमेर (विश्व मोहन शर्मा) जिला कलक्टर, अजमेर	4107-08 23/12/19

Scanned by CamScanner